समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# सेवा, सुशासन और विकास के 11 वर्ष: भाजपा कार्यालय मे चित्र प्रदर्शनी का आयोजन।

Publisher | Published on 11 Jun 2025




## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यालय मे चित्र प्रदर्शनी व प्रेस वार्ता, जनकल्याण और राष्ट्र निर्माण की उपलब्धियां रहीं केद्रं मे।

सवांदाता,जयपुर,राजस्
थान

**नई दिल्ली :** देश के यशस्वी **प्रधानमंत्री श्री नरेद्रं मोदी** के नेतृत्व में **केद्रं सरकार के 11 स्वर्णिम वर्ष** पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आज **भाजपा प्रदेश कार्यालय** में एक भव्य **चित्र प्रदर्शनी** का आयोजन किया गया। इस मौके पर एक प्रेस वार्ता का भी आयोजन हुआ, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों को **सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण**, और **राष्ट्र निर्माण** जैसे क्षेत्रों में **मोदी सरकार** की ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दी गई।

**चित्र प्रदर्शनी मे उकेरे गए विकास के 11 वर्ष**

चित्र प्रदर्शनी में मोदी सरकार द्वारा 2014 से अब तक किए गए प्रमुख कार्यों को **विजुअल रूप मे दंर्शाया** गया। इसमें **डिजिटल इंडिया, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन** और **आत्मनिर्भर भारत** जैसे अभियान शामिल रहे।

**प्रेस वार्ता मे गिनाई गईं ऐतिहासिक उपलब्धियां**

प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा पदाधिकारियों ने कहा कि, “यह 11 वर्ष केवल शासन के नहीं, बल्कि भारत के समावेशी विकास और

वैश्विक नेतृत्व की नींव के वर्ष रहे हैं। इन वर्षों में देश ने हर मोर्चे पर ऐतिहासिक प्रगति की है – चाहे वह सामाजिक न्याय हो, आर्थिक सशक्तिकरण हो या अंतरराष्ट्रीय कूटनीति।"

उन्होंने बताया कि सरकार ने 80 करोड़ लोगों को **मुफ्त राशन,** करोड़ों परिवारों को **आयुष्मान योजना** के तहत मुफ्त स्वास्थ्य सेवाएं, लाखों युवाओं को **स्किल इंडिया** से जोड़कर रोज़गार उपलब्ध कराया।

**राष्ट्र निर्माण और वैश्विक नेतृत्व की दिशा मे प्रंगति**
भाजपा नेताओं ने यह भी बताया कि इन 11 वर्षों में भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। **जी-20 की अध्यक्षता, चंद्रयान-3 की सफलता**, और **मेड इन इंडिया रक्षा उपकरणों** का निर्यात जैसे कदम भारत की **नई वैश्विक भूमिका** को दर्शाते हैं।

**जन सहभागिता और पारदर्शिता बनी पहचान**
सरकार ने **ई-गवर्नेंसं, DBT (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर)**, और **RTI** में सुधार जैसे माध्यमों से प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को प्राथमिकता दी। इन पहलों से जनता का सरकार पर भरोसा और मजबूत हुआ है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.